# गर्मी से बेहाल हुए लोग, सड़कों पर सन्नाटा, पारा पहुंचा 42 के पार

■ दिन भर आसमान से टपकती रही आग और लू के थपेड़ों से लोग हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मौसम में बढ़ी गर्मी और हीट वेव के कहर से जिलेवासी हाल बेहाल हो रहे हैं। आलम यह है कि पिछले कई दिन से सुबह होते ही आसमान से आग टपकने लगती है। जिससे दिन प्रतिदिन मौसम में तापमान में वृद्धि हो रही है और लोग गर्मी की तपिश से हलकान हो रहे हैं। गर्मी की तपिश के कारण रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड व बाजार दोपहर के समय सूनसान रहने लगे हैं। वहीं, भीष्ण गर्मी के चलते दिन प्रतिदिन तापमान में वृद्धि हो रही है। मंगलवार को जिले का तापमान बढ़कर अधिकतम 42 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।



यमुनानगर। मंगलवार को गर्मी से बचने के लिए अपने सिर को किसी सामान से ढांप कर अपने गंतव्य पर जाती हुई महिला। फोटो : हरिभूमि

### मौसम का बदला मिजाज

- मंगलवार सुबह सूर्यदेव के निकलते ही गर्मी पड़नी शुरू हो गई और लू चलने लगी
- दोपहर के समय हालात काफी खराब देखे गए और गर्मी का असर सड़कों पर भी दिखाई दिया। सड़कों पर सामान्य दिनों से कम ही वाहन दिखाई दिए
- शाम छह बजे के बाद गर्मी से कुछ राहत मिली और बाजारों में भी काफी चहल-पहल देखी गई।

### जनजीवन हुआ अस्तव्यस्त

मंगलवार सुबह सूर्यदेव के निकलते ही गर्मी पड़नी शुरू हो गई और लू चलने लगी। दिन बढ़ने के साथ-साथ गर्मी भी बढ़ती गई। दोपहर के समय हालात काफी खराब देखे गए और गर्मी का असर सड़कों पर भी दिखाई दिया। सड़कों पर सामान्य दिनों से कम ही वाहन दिखाई दिए। गर्मी का असर दैनिक कार्यों पर भी देखा गया। वहीं, गर्मी की तपिश के कारण रेलवे स्टेशनों व बस स्टैंड पर यात्री ना के बराबर रहे। आलम यह था कि रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर यात्री गर्मी से राहत पाने के लिए यहां वहां भटकते रहे। वहीं, बाजार व सड़कें भी दोपहर के समय सूनसान हो गए। गर्मी की वजह से जनजीवन पूरी तरह अस्तव्यस्त होकर रह गया।

### शाम को मिली राहत

मंगलवार को शाम छह बजे के बाद गर्मी से कुछ राहत मिली और बाजारों में भी काफी चहल-पहल देखी गई। बाजार में खरीददारी करने के लिए लोगों को शाम ढलने का इंतजार करना पड़ा। क्योंकि दिनभर गर्मी के कारण घरों से बाहर निकलना मुनासिब नहीं समझा। शाम के समय पार्कों में भी रौनक देखी गई।

### बेल के जूस की बढ़ी डिमांड

गर्मी से राहत पाने के लिए मंगलवार को अधिकांश लोगों ने बेल का जूस व अन्य ठंडे पेय पदार्थों का सेवन किया। जबकि कुछ लोगों ने अपने घरों में ही निंबु पानी पीकर गर्मी से ठंडक पाने का प्रयास किया। आलम यह रहा कि दिन भर लोग गर्मी व मौसम में उमस बनने से बेहाल रहे।

### गर्मी में पहनें सूती वस्त्र

फिजिशियन डॉ. राजकुमार का कहना है कि गर्मी में स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें। सीधी धूप से बचें। तेज धूप में बाहर न निकलें। सूती वस्त्र पहनें और धूप के समय बदन को ढककर रखें। बाजार की तली व भूनी हुई वस्तुओं से परहेज करें। पानी अधिक मात्रा में पिएं और ताजे फलों का जूस ही पिएं। बाजार में बिक रहे पेय पदार्थों के सेवन से पहले गुणवता की जांच कर लें।

## खबर संक्षेप



यमुनानगर। मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोप में गिफ्तार किया गया युवक।

### मोटरसाइकिल चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। आरोपी से पुलिस ने चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर कार्रवाई शुरू कर दी।

एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक चोरी की मोटरसाइकिल लेकर कलानौर बॉर्डर होते हुए उत्तर प्रदेश की तरफ जाएगा। इस सूचना के आधार पर एएसआई अनिल कुमार, संदीप, जितेन्द्र, योगेश व नरेश नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

### बार-बार फीडर बंद करने से परेशान हैं ग्रामीण

**रादौर।** बिजली निगम रादौर द्वारा बार-बार गांव कांजनू, जुब्बल फीडर बंद किए जाने से ग्रामीणों को भीषण गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा कई बार मांग करने के बावजूद बिजली निगम के कर्मचारी गांवों का फीडर बंद कर देते है। जिससे ग्रामीणों में बिजली निगम की कार्यप्रणाली को लेकर रोष बढ़ता जा रहा है। गांव कांजनू निवासी प्रवीण कांबोज, सुमेर चंद, कांजनू, बलिंद्र कांजनू, नीटू कांजनू, सफी मोहम्मद कांजनू, रवि चंद कांजनू, संजीव कुमार कांजनू, असीमित कांजनू, रवींद्र कुमार जुब्बल, यशपाल जुब्बल व हरपल जुब्बल आदि ने बताया कि भीषण गर्मी में बिजली निगम द्वारा जो कार्य मार्च महीने तक पूरा करवाया जाना चाहिए था, वह कार्य कर्मचारियों की लापरवाही के चलते मई तक भी पूरा नहीं करवाया जा सका है।

### ट्यूबवेल कनेक्शन में लाखों रुपये की गड़बड़ी

**यमुनानगर।** रादौर उपमंडल में ट्यूबवेल कनेक्शन के कार्य के दौरान लाखों रुपये के सामान में गड़बड़ी और काम अधूरा छोड़ने का मामला सामने आया है। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की शिकायत पर रादौर थाना पुलिस ने करनाल की एसआर इलेक्ट्रिकल फर्म के खिलाफ केस दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस को दी शिकायत में सब डिवीजन रादौर के एसडीओ दीपांशु धीमान ने बताया कि फर्म को वर्क ऑर्डर नंबर 621/यमुनानगर/एड1-432 के तहत 80 ट्यूबवेल कनेक्शन लगाने का कार्य दिया गया था। आरोप है कि फर्म ने 80 में से केवल 60 कनेक्शन ही पूरे किए और बाद में काम बीच में छोड़ दिया। उन्होंने बताया कि निगम अधिकारियों ने मौके पर सामग्री का सत्यापन कर फर्म के बिल पास किए थे। इसके बाद फर्म को करीब 17.02 लाख रुपये की 50 प्रतिशत भुगतान राशि भी जारी कर दी गई।

## ट्रैफिक पुलिस और लक्कड़ मंडी के आढ़तियों की बैठक

# जाम से निपटने को सभी का सहयोग बहुत जरूरी: संदीप

पुराना सहारनपुर मार्ग पर आए दिन लगने वाले जाम की समस्या से निपटने पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के पुराना सहारनपुर मार्ग पर जाम की समस्या को नियंत्रित करने के लिए मंगलवार को मार्किट कमेटी यमुनानगर कार्यालय में ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों व लक्कड़ मंडी के आढ़तियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना यातायात प्रभारी संदीप कुमार ने की। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में मार्किट कमेटी यमुनानगर के चेयरमैन राकेश त्यागी मौजूद रहे।

थाना यातायात प्रभारी संदीप कुमार ने कहा कि बैठक आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य सड़क पर लगने वाले जाम को नियंत्रित करना और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना रहा। उन्होंने का कि शहर के पुराना सहारनपुर मार्ग पर अव्यवस्थित तरीके से खड़ी लकड़ी से भरी ट्रालियों के कारण आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। थाना यातायात प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि पुराना सहारनपुर रोड पर विशेष निगरानी के लिए एक स्पेशल राइडर की ड्यूटी लगाई गई है। यह राइडर लगातार सड़क पर गश्त करेगा और यदि कोई ट्रैक्टर ट्रॉली सड़क पर खड़ी मिली तो तुरंत उसका चालान किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यातायात व्यवस्था में बाधा डालने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। बैठक में मौजूद लक्कड़ मंडी आढ़ती संगठन के सदस्यों और व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में कोई भी ट्राली सड़क पर खड़ी नहीं की जाएगी और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का साथ दिया जाएगा। मौके पर मार्किट कमेटी के सचिव मोहित कुमार, मंडी पर्यवेक्षक यशपाल राणा, लक्कड़ मंडी के प्रधान राजेंद्र राणा, संदीप राणा, धर्मवीर, संजीव कुमार ,सचिन व अमन आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। मार्किट कमेटी कार्यालय में आयोजित बैठक में भाग लेने जाते हुए लक्कड़ मंडी के आढ़ती व ट्रैफिक पुलिस थाना के प्रभारी संदीप कुमार।

### जाम से निजात को चलेगा जागरूकता अभियान

थाना यातायात प्रभारी संदीप कुमार ने मंडी सचिव को निर्देश दिए कि एक विशेष व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर मंडी से जुड़े व्यापारी, आढ़ती और संबंधित अधिकारी शामिल करें। ताकि इस ग्रुप माध्यम से सड़क पर जाम की स्थिति बनने पर तुरंत सूचना सांझा की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि सड़क पर जाम की स्थिति को रोकने के लिए पहले जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत मुनियादी करवाई जाएगी और लोगों को ट्रालियां सड़क पर खड़ी न करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके बावजूद यदि नियमों की अनदेखी की गई तो पुलिस द्वारा चालान की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत

■ पुलिस ने आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के साढ़ौरा थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव अराइयांवाला वाला निवासी प्रदीप कुमार ने साढ़ौरा पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका पिता 55 वर्षीय रामचंद्र 18 मई को शाम छह बजे किसी काम से गया था। जब वह गांव सरावां के पास सड़क पार करने लगा तो तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसके पिता को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने हादसे की सूचना डायल 112 पुलिस टीम को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### डंपर की टक्कर से व्यक्ति की मौत

साढ़ौरा के गोहनपुर मोहल्ला निवासी संजीव कुमार ने बताया कि उसका चालक 45 वर्षीय किरण कुमार किसी काम से जा रहा था। जब वह साढ़ौरा नदी पुल के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रहे डंपर ने किरण कुमार को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कुछ देर बाद किरण की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## नगरपालिका ने बनाई सड़क, सीवरेज विभाग ने उखाड़ डाली

**रादौर।** रादौर क्षेत्र का विकास दो विभागों के बीच सिमट कर रह गया है। एक ओर जहां नगरपालिका किसी सड़क का निर्माण करती है तो वहीं दूसरी ओर सीवरेज विभाग उस सड़क को उखाड़ देता है। जिससे दोनों भागों के कार्यों को लेकर स्थानीय लोगों में भारी रोष है। स्थानीय निवासियों राजपाल, दिनेश, गौतम, राकेश, सुरेश, कमल व राजकुमार आदि ने बताया कि नगरपालिका द्वारा श्मशान घाट रोड पर बनाए जाने के समय सीवरेज के मेन हॉल सड़क के नीचे दबा दिए गए थे। अब सीवरेज विभाग के कर्मचारियों ने सीवरेज की सफाई करने के लिए सड़क को उखाड़ना शुरू कर दिया है। जिस कारण सड़क जगह-जगह से उखाड़ी गई है। इससे सरकारी पैसे का दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने बताया कि नगरपालिका को सड़क बनाते समय पहले ही सड़क पर सीवरेज के मेन हॉल की व्यवस्था करनी चाहिए थी। परंतु ठेकेदार ने काम खत्म करने की जल्दबाजी में सीवरेज के मेन हॉल ही बंद कर दिए। उसके बाद नगरपालिका अधिकारियों ने भी सड़क को पास कर लापरवाही का सबूत दिया है। अब सीवरेज विभाग के कर्मचारी सीवरेज की सफाई करने के लिए सड़क को उखाड़ने पर लगे हुए हैं। उन्होंने सड़क निर्माण के समय दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।





यमुनानगर। स्वराज पब्लिक स्कूल दामला में शपथ ग्रहण करते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

## बच्चों ने लिया तंबाकू व हानिकारक पदार्थों से दूर रहने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

स्वराज पब्लिक स्कूल दामला में मंगलवार को कक्षा नौवीं व दसवीं के छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सत्र का मुख्य उद्देश्य किशोरों में भावनात्मक भलाई, स्वस्थ जीवन शैली की आदतों व मानसिक फिटनेस के महत्व के प्रति जागरूकता पैदा करना था। मौके पर बच्चों ने तंबाकू व हानिकारक पदार्थों से दूर रहने का संकल्प लिया। सिविल अस्पताल यमुनानगर की एक टीम ने मनोरोग, आयुष व खेल सहित विभिन्न विभागों के माध्यम से जानकारीपूर्ण सत्रों का संचालन किया। विशेषज्ञों ने छात्रों के साथ खुलकर बातचीत की। तनाव, चिंता, सहपाठियों के दबाव, स्वस्थ आहार व भावनात्मक संतुलन से जुड़े उनके सवालों के जवाब दिए। इस अवसर पर छात्रों ने तंबाकू व अन्य हानिकारक पदार्थों से दूर रहने का संकल्प भी लिया। डॉ.धीरज के साथ रिंकू सिंह, अयोध्या, सुश्री प्रीति विश्वास व विक्रांत ने सार्थक चर्चा व व्यावहारिक मार्गदर्शन के माध्यम से छात्रों को प्रेरित किया।

# पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से करें जनगणना का कार्य : गिल

■ जिला प्रशासन ने बीआरसी कार्यालय व्यासपुर में जनगणना सुपरवाइजरों की बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला प्रशासन द्वारा बीआरसी कार्यालय व्यासपुर में साढ़ौरा व व्यासपुर क्षेत्र के जनगणना सुपरवाइजरों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता व्यासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने की। इस दौरान सेंसस ऑफ इंडिया 2027 के अंतर्गत चल रहे जनगणना कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई तथा सुपरवाइजरों से विस्तृत प्रोग्रेस रिपोर्ट प्राप्त की गई।

एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने सभी सुपरवाइजरों को जनगणना का कार्य पूरी जिम्मेदारी, पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। जिसके आधार पर विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं नीतियों का निर्माण किया जाता है। इसलिए इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और प्रत्येक जानकारी को सही एवं सावधानीपूर्वक दर्ज किया जाए। आमजन को भी जनगणना के प्रति जागरूक करें। ताकि सभी नागरिक सही जानकारी उपलब्ध करवाने में सहयोग करें। एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने जनगणना कार्य के दौरान आ रही कठिनाइयों के बारे में भी सुपरवाइजरों से जानकारी ली और समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार रविंदर, सुनील कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी नरेश पाल, बीआरपी मैथ सुखविंदर, सचिन नागपाल, नवीन व कुलदीप आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। व्यासपुर में आयोजित जनगणना सुपरवाइजरों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए एसडीएम जसपाल सिंह गिल। फोटो : हरिभूमि

# प्रदेश को खुशहाल बना रही केंद्र और प्रदेश सरकार: कंवरपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



हरियाणा के पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार जनहित के निर्णय लेकर प्रदेश को खुशहाल बना रही है। उन्होंने आदिबद्री में आयोजित भाजपा प्रशिक्षण शिविर के दौरान कार्यकर्ताओं को उक्त निर्णयों की जानकारी दी। मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रदेश सरकार द्वारा जनहित के लिए लिए बनाई गई योजनाओं व निर्णयों से जन जन को अवगत करवाने के लिए आहवान किया।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने पिछड़ा वर्ग की क्रीमी लेयर आय सीमा को 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख रुपये किया गया है। पिछड़ा वर्ग बी को पंचायती राज संस्थाओं व शहरी स्थानीय निकायों में आरक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि गांवों में पंचायती भूमि पर बने 500 वर्ग गज तक के मकानों पर काबिज लोगों को उनका मालिकाना हक दिया गया है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 54 हजार 958 घरों पर मुफ्त में सोलर रूफटॉप लगाए जा चुके हैं। म्हारा गांव जगमग गांव योजना के तहत 6 हजार 19 गांवों को 24 घंटे बिजली आपूर्ति दी जा रही है। प्रदेश में लाइन लॉसिस 30 प्रतिशत से घटकर 9.97 प्रतिशत रह गया। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने बहनों बेटियों को आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत 2100 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है। अब तक 9 लाख 76 हजार बहन बेटियों को 1 हजार 415 करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं।

# एक्सपोजर विजिट से पंचायत प्रतिनिधियों ने विकास कार्यों का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए)के अंतर्गत जिला सरपंचों के लिए गांव जटहेड़ी(यमुनानगर) में एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार ने की। एक्सपोजर विजिट में अंबाला के सरपंचो ने भाग लिया।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन करने का मुख्य उदेश्य पंचायत प्रतिनिधियों को ग्राम पंचायतों में किए जा रहे उत्कृष्ट विकास कार्यों, नवाचारों एवं जनभागीदारी आधारित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से अवगत करवाना रहा। उन्होंने बताया कि विजिट पर आए हुए सभी सरपंचों को ग्राम पंचायत जटहेड़ी में किए गए विभिन्न विकास कार्यों का अवलोकन करवाया गया। इनमें बारात घर निर्माण, विभिन्न समुदायों के लिए चौपाल निर्माण, स्वच्छता प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए तालाब का सौंदर्यकरण, ग्रामवासियों हेतु पार्क की सुविधाएं तथा वैष्णो देवी मंदिर एवं बाबा खाटू श्याम मंदिर के दर्शन शामिल रहे। इसके अलावा मौके पर सरपंचो को ग्राम सचिव राजेश कुमार द्वारा पंचायत स्तर पर अपनाई गई डिजिटल कार्यप्रणाली, जनसहभागिता एवं ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन संबंधी विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। इस दौरान आगंतुक प्रतिनिधियों को पंचायत द्वारा अपनाई गई विभिन्न सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों से अवगत करवाया गया।



यमुनानगर। गांव जटहेड़ी में आयोजित एक्सपोजर विजिट में सरपंचों का स्वागत करते हुए जटहेड़ी पंचायत के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

## अस्थमा से बचने के लिए गर्मी में खानपान पर दें ध्यान : डॉ. निर्मल

# हेल्थ कैंप में जांचा 185 मरीजों का स्वास्थ्य, दी दवाइयां

दिल्ली मार्ग पर कैंप स्थित निर्मल अस्पताल में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मौसम में बढ़ रहे तापमान व हीट वेव के चलने से अस्थमा, सांस व शुगर जैसी बीमारियों से बचने के लिए लोगों को अपने खान पान पर विशेषकर ध्यान देना चाहिए। उक्त शब्द अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह ने मंगलवार को शहर के कैंप स्थित निर्मल अस्पताल में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में कहे। मौके पर शिविर में 185 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें मुफ्त में दवाइयां दी गई। इस दौरान अधिकांश मरीज सांस, अस्थमा, हृदय व दमा रोग के पाए गए। शिविर में अस्थमा व दमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह के नेतृत्व में कुशल चिकित्सकों की टीम ने 185 मरीजों की जांच कर उन्हें दवाइयां दी गई। इस दौरान विभिन्न बीमारियों से पीड़ति रकरीब दो दर्जन से अधिक बच्चों के स्वास्थ्य की बाल रोग विशेषज्ञों ने जांच कर दवाइयां दी। मौके पर शहर के वरिष्ठ अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि शिविर में अधिकांश मरीज सांस, दमा, शुगर, हृदय व अस्थमा से पीड़ति पाए गए। उन्होंने बताया कि आजकल मौसम के तापमान में जहां बढ़ौत्तरी हो रही है, वहीं, हीट वेव चल रही है। जिसकी वजह से सांस, दमा, हृदय, अस्थमा व शुगर के मरीजों को ऐहतियात बरतने की जरूरत है। डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि अस्पताल में पिछले पंद्रह वर्षों से हर माह निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कर लोगों की सेवा की जा रही है। उन्होंने जिला वासियों से शिविर में पहुंचकर लाभ उठाए जाने की अपील की। मौके पर बाल रोग विशेषज्ञों ने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाइयां वितरित की।



यमुनानगर। निर्मल अस्पताल में आयोजित नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में अस्थमा रोगियों की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### शिविर में 50 बच्चों का भी किया इलाज

निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में बाल रोग विशेषज्ञों द्वारा 50 बच्चों के स्वास्थ्य की भी जांच की गई। इस दौरान बच्चों को गर्मी में होने वाली बीमारियों से बचाव को लेकर उनके अभिभावकों को चिकित्सकों ने उनके खानपान पर ध्यान देने और गर्मी में घर से बाहर नहीं निकलने देने के बारे में विस्तार से बताया।

## खबर संक्षेप

### बिजली की समस्याओं को लेकर बैठक आज

**कुरुक्षेत्र।** यूएचबीवीएन के अधीक्षक अभियंता मदन गोपाल जिंदल ने कहा कि बिजली संबंधी उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निवारण के लिए विद्युत सदन



यूएचबीवीएन में चेयरमैन की अध्यक्षता में उपभोक्ता फोरम की एक बैठक 20 मई को होगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता शिकायत फोरम की बैठक सेक्टर-8 एसई विद्युत सदन यूएचबीवीएन यूएचबीवीएन कुरुक्षेत्र में 20 मई को सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक होगी। इस बैठक में बिजली सम्बन्धित वह समस्याएं सुनी जाएगी, जिनका एसडीओ सहित स्थानीय अधिकारियों से मिलने उपरांत भी कोई समाधान नहीं हो रहा है।

### कुवि में बी.एससी. (डेटा साइंस) कोर्स में प्रवेश शुरू

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में सांख्यिकी एवं ऑपरेशनल रिसर्च विभाग द्वारा बी.एससी. (डेटा साइंस) कोर्स की 50 सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह तीन वर्षीय फुल-टाइम ऑन-कैंपस कार्यक्रम आधुनिक तकनीकों और उद्योग की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। विभागाध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र खटकड़ ने बताया कि इस कोर्स में प्रवेश के लिए किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 उत्तीर्ण विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं।

### केयू ने घोषित किए 13 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा द्वारा 13 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि घोषित परिणामों में दिसम्बर 2025 में आयोजित बी.टेक प्रथम सेमेस्टर (फ्रेश/री-अपीयर), बी.एससी. प्रिंटिंग पैकेजिंग टेक्नोलॉजी तृतीय सेमेस्टर, एमसीए प्रथम सेमेस्टर एनईपी, एम.एससी. केमिस्ट्री तृतीय सेमेस्टर (एनईपी) (नॉन-सीबीसीएस), एम.पीएड तृतीय सेमेस्टर (री-अपीयर), एलएल.बी. प्रोफेशनल प्रथम सेमेस्टर तथा बीए/बीएससी बी.एड प्रथम के परिणाम शामिल हैं।

### केयू नंदा केन्द्र में आज होंगी स्कूली प्रतियोगिताएं

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में भारत रत्न श्री गुलजारी लाल नंदा नीति एवं दर्शन केंद्र द्वारा 20 और 21 मई 2026 को विभिन्न स्कूली प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री गुलजारी लाल नंदा की आगामी 4 जुलाई को आने वाली जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है, ताकि उनके ईमानदारी, सादगी, देशभक्ति और उच्च नैतिक मूल्यों के संदेश को स्कूली बच्चों और समाज तक पहुंचाया जा सके। केन्द्र की निदेशिका प्रो. शुचिस्मिता ने बताया कि केंद्र परिसर में यह सभी गतिविधियां निर्धारित तिथियों पर सुबह 9.30 बजे से शुरू होंगी।

---

प्रशासन ने लगाए चेतावनी बोर्ड, सुरक्षित रहने की अपील

# गर्मी के मौसम में नहर में नहाना पड़ सकता है भारी, होगी कारवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गर्मी का मौसम शुरू होते ही आमजन विशेषकर युवाओं में नहर में नहाने का क्रेज बढ जाता है। गर्मी के मौसम को देखते हुए नहरों में नहाने के बढ़ते मामलों पर पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। जिला पुलिस द्वारा प्रशासन के सहयोग से नहरों के किनारे चेतावनी बोर्ड लगवाए गए हैं, ताकि आमजन विशेषकर युवाओं और बच्चों को संभावित हादसों से बचाया जा सके। इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को आदेश जारी किए हैं। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन ने दिए अपने आदेश में कहा कि गर्मी के मौसम में नहरों पर नहाने वालों पर विशेष नजर रखी जाये। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नहरों में तेज बहाव होने के कारण दुर्घटनाएं होने का खतरा बना रहता है। कई बार लोग चेतावनी के बावजूद नहरों में उतर जाते हैं, जिससे जान का जोखिम बढ़ जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है और नहरों में नहाते पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी। पुलिस ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दें और नहरों से दूर रहें। अभिभावकों से भी आग्रह किया गया है कि वे अपने बच्चों को नहरों के पास जाने से रोकें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।




**कुरुक्षेत्र।** नहर किनारे लगा चेतावनी बोर्ड।

#### संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की नजर

पुलिस का कहना है कि लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। चेतावनी बोर्डों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। पुलिस टीमें संवेदनशील स्थानों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और लोगों को समझाने का कार्य भी कर रही हैं। हर व्यक्ति का नैतिक कर्त्वय बनता है कि इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस का सहयोग करें। अगर किसी स्थान पर युवा नहर में नहाते हुए मिलता है तो इसकी सूचना तुरन्त नजदीकी थाना या डायल-112 पर दें।

---

प्रो. महासिंह पूनिया ने पाठ्यक्रम के पोस्टर का किया विमोचन

# डिजिटल युग में युवाओं का सुनहरा भविष्य: प्रो. पूनिया

बी.एस.सी. इन मल्टीमीडिया में 60 सीटें उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

डिजिटल युग में मल्टीमीडिया शिक्षा युवाओं के लिए रोजगार और रचनात्मकता का प्रभावी माध्यम बनकर उभर रही है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा संचालित बी.एस.सी. इन मल्टीमीडिया पाठ्यक्रम में 60 सीटों पर प्रवेश दिए जाएंगे। मंगलवार को संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने पाठ्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया। प्रो. महासिंह पूनिया ने कहा कि आज मोबाइल, इंटरनेट, सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में मल्टीमीडिया क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है। यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को ग्राफिक डिजाइनिंग, वीडियो एडिटिंग, वेब डिजाइनिंग, फोटोग्राफी, एनीमेशन, यूआई-यूएक्स डिजाइन, डिजिटल मीडिया और मोशन ग्राफिक्स जैसी आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यूट्यूब, इंस्टाग्राम और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के बढ़ते प्रभाव से डिजिटल कंटेंट निर्माण एक बड़े उद्योग के रूप में सामने आया है। फिल्म, विज्ञापन, गेमिंग और डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र में भी मल्टीमीडिया विशेषज्ञों की मांग लगातार बढ़ रही है। प्रो. पूनिया ने बताया कि पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद विद्यार्थी ग्राफिक डिजाइनर, वीडियो एडिटर, एनीमेटर, वेब डिजाइनर, सोशल मीडिया मैनेजर और कंटेंट क्रिएटर के रूप में करियर बना सकते हैं। संस्थान में आधुनिक कंप्यूटर लैब, ऑडियो-वीडियो स्टूडियो और उद्योग आधारित प्रशिक्षण की सुविधाएँ उपलब्ध हैं। इस अवसर पर डॉ. मधुदीप सिंह, डॉ. आबिद अली, डॉ. कंवरदीप सहित विभाग के शिक्षक मौजूद थे।




**कुरुक्षेत्र।** पोस्टर जारी करते जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया।

#### मल्टीमीडिया विद्यार्थियों की लगभग 100% प्लेसमेंट

प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि बैचलर ऑफ मल्टीमीडिया के विद्यार्थियों की लगभग 100 प्रतिशत प्लेसमेंट होती है। इंस्टाग्राम, सोनी, वेबपल्स सॉल्यूशन, टेकमैग्नेट, पेजट्रैफिक और ग्राफिक इंडिया जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अच्छे अवसर उपलब्ध हैं।

---

## जीवन की सभी आसक्तियों और पापों को नष्ट करती श्रीमद् भागवत : कौशिक



**थानेसर।** जय मां दुर्गा - जय श्री महाकाल ट्रस्ट द्वारा वार्ड नम्बर 20 के गुरुदेव नगर,7-बी में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में करवाई जा रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के दूसरे दिन भक्ति का महत्व व गोकर्ण- धुंधकारी प्रसंग सुनाया गया। इस दौरान जिला परिषद् के उपाध्यक्ष डीपी चौधरी और मुख्यमंत्री नायब सैनी के मीडिया कॉर्डिनेटर तुषार सैनी ने कथावाचक को तिलक लगाया। भागवत प्रवचनों में कथाव्यास पंडित विकास कौशिक ने कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण के दूसरे अध्याय में सूत जी महाराज नैमिषारण्य के ऋषियों को भागवत कथा और भक्ति का माहात्म्य समझाते हैं। इसमें बताया गया है कि निष्काम भाव से की गई भगवद भक्ति से हृदय के सारे संशय मिट जाते हैं और मनुष्य को परम आनंद की प्राप्ति होती है। गोकर्ण-धुंधकारी प्रसंग की उपकथा में बताया गया कि धुंधकारी श्रीमद्भागवत पुराण के महात्म्य में वर्णित एक अत्यंत प्रेरणादायक कथा है। यह कथा दशार्ती है कि सच्चे ज्ञान और भागवत कथा के श्रवण से बड़े से बड़ा पापी और प्रेत योनि में भटकने वाला जीव भी मोक्ष को प्राप्त कर सकता है। पुरुषोत्तम मास की व्याख्या करते हुए अम्बाला से साध्वी कौशिकी ने बताया कि इस मास में नदियों, मंदिरों या घर के पूजा स्थल पर दीपक (दीपदान) जलाने से घर में सुख-समृद्धि और शांति बनी रहती है।

## हरियाणा स्टेट केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने सांसद जिन्दल के कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

- विभिन्न मांगों और फार्मास्यूटिकल व्यापार से जुड़े गंभीर मुद्दों को उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा स्टेट केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न मांगों और फार्मास्यूटिकल व्यापार से जुड़े गंभीर मुद्दों को लेकर सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी अशोक सिंगला ने बताया कि प्रदेशभर के हजारों केमिस्ट एवं दवा वितरक वर्तमान में कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, जिनका प्रभाव न केवल व्यापार पर बल्कि आमजन के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। ऑनलाइन दवा प्लेटफॉर्म्स पर पर्याप्त निगरानी नहीं होने के कारण बिना उचित प्रिसक्रिप्शन के दवाइयों की बिक्री, नकली पर्चियों का इस्तेमाल, एंटीबायोटिक एवं नशीली दवाओं की आसान उपलब्धता जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं, जो जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा हैं। एसोसिएशन प्रतिनिधिमंडल ने सांसद नवीन जिन्दल से इस विषय में केंद्र सरकार के समक्ष प्रभावी हस्तक्षेप करने तथा छोटे दवा व्यापारियों एवं आम नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए उचित कदम उठाने की मांग की। कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सांसद नवीन जिन्दल जनहित से जुड़े प्रत्येक विषय को गंभीरता से लेते हैं और एसोसिएशन की मांगों एवं चिंताओं को संबंधित स्तर तक प्रमुखता से पहुंचाया जाएगा।



**कुरुक्षेत्र।** ज्ञापन सौंपते एसोसिएशन के पदाधिकारी।

## बांसुरी की मधुर तान हृदय को सकून देती है : रमणीक कौर



**कुरुक्षेत्र।** गीता मनीषी परमपूज्य स्वामी ज्ञानानंद जी की प्रेरणा से तथा हरियाणा कला परिषद् एवं जीओ गीता गुरुकुल के सहयोग से बांसुरी वादन कार्यशाला के नौवें दिन राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान की निदेशिका रमणीक कौर ने मुख्य अतिथि के रूप कार्यशाला में उपस्थित रहीं तथा भागवत गीता के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यशाला का शुभारंभ किया। प्रशिक्षुओं ने मुख्य अतिथि के समक्ष बांसुरी पर लम्बे षड्ज का अभ्यास, सरगम, व राष्ट्र गान की स्वर लहरियां तथा गीता के पंद्रहवें अध्याय पुरुषोत्तम योग के प्रथम 5 श्लोकों को सुंदर लयबद्ध उच्चारण को अतिथि के समक्ष प्रस्तुत कर आत्मविभोर कर दिया। इसके उपरांत बांसुरी वादन कार्यशाला के संयोजक डॉ सचिंद्र ने गीता ज्ञान संस्थानम की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। शिक्षा प्रमुख डॉ विवेक कोहली ने मुख्य अतिथि का हृदय से आभार प्रकट किया तथा बांसुरी वादन कार्यशाला को आयोजित करने हेतु हरियाणा कला परिषद् का आभार ज्ञापित किया। मुख्य अतिथि रमणीक कौर ने अपने उद्बोधन में सभी प्रतिभागियों को शाबाशी देते हुए सभी को इस वाद्य को निष्ठापूर्वक सीखने का आवाह्न किया। अब प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि वे अचंभित है कि से लगभग 9 दिनों में प्रतिभागियों का इतना अच्छा अभ्यास कैसे कर लिया।

---

## छबील में कांच, कागज स्टील के गिलास व डस्टबीन करें इस्तेमाल : राजेश कुमार

सफाई शाखा के अधिकारियों व सुपरवाईजर की बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी ईओ राजेश कुमार ने सफाई शाखा के अधिकारियों व सुपरवाईजर की मीटिंग लेते हुए उन्हें आदेश दिए कि यदि कोई आग लगाता हुआ मिले तो तुरंत उसका चालान किया जाए और यदि कहीं आग लगी दिखाई दे तो उसे बुझाए या फायर बिग्रेड की मदद लें। उन्होंने कहा कि गर्मी होने के कारण आग की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। ऐसे में आग से जहरीली गैस निकलती हैं, जो हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है और कई बीमारियों का कारण बनती हैं। वहीं प्लास्टिक व पॉलीथिन जलाने और भी ज्यादा खतरनाक सिद्ध होता है।

#### कचरे में आग न लगाएं



आग लगाने के बाद जो अवशेष रह जाते हैं, जिसमें राख और रसायन मिट्टी जमीन की तो उपजाऊ शक्ति खत्म करते हैं और भूजल को भी दूषित करते हैं। ऐसे में हम सभी की जिम्मेवारी बनती है कि किसी भी कूडे कचरे या अन्य वस्तुओं में आग न लगाए। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिए अब गर्मी में लोगों के द्वारा मीठे पानी की छबील लगाई जाएगी और उस दौरान प्लास्टिक के गिलास में पानी पिलाया जाता है, लेकिन देखने में आया है कि आयोजनकर्ताओं के द्वारा डस्टबीन नहीं रखा जाता और प्लास्टिक के गिलास सड़क पर गिरे हुए दिखाई देते हैं। इससे जहां सड़क पर गंदगी दिखाई देती हैं। वहीं वाहन चालकों के भी गिरकर चोटिल होने का डर बना रहता है। ऐसे में जो लोग छबील लगाए वह डस्टबीन जरूर रखे और प्लास्टिक के गिलास प्रयोग न करके स्टील, कागज या कांच के गिलास का प्रयोग करें। ऐसा न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में जाएगी जिसमें जुमार्ना लगाया जाना भी शामिल है। इसलिए सभी सफाई के प्रति अपनी जिम्मेवारी समझे। इस अवसर पर सफाई निरीक्षक प्रदीप कुमार, सुपरवाईजर अनूप सिंह, राजेश, विशाल, आईईसी एक्सपर्ट वीरेंद्र भारद्वाज, नवनीत सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## करंट लगने से मजदूर की मौत

**कुरुक्षेत्र।** शाहबाद स्थित गांव चनारथल में करंट लगने से मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब 50 वर्षीय बलविंदर के रूप में हुई है, जो खेतों में स्प्रे और खाद डालने का काम करता था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार, बलविंदर खेतों से घर लौट रहा था।

इसी दौरान गांव की गली में लगे ट्रांसफार्मर के पास से गुजरते समय वह एक स्कूल वैन को रास्ता देने लगा। तभी वह करंट की चपेट में आ गया।

करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। आसपास मौजूद लोगों और परिजनों ने तुरंत उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने 25 लाख रुपए के विकास कार्यों का किया उद्घाटन व शिलान्यास



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विकास कार्यों को करवाने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। कुरुक्षेत्र के किसी भी कार्य को जब मुख्यमंत्री को कहा जाता है तो मुख्यमंत्री उन्हें तुरंत मंजूरी देते हैं। शहर के विकास में प्रदेश सरकार की तरफ से कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही है। शहर में तीन गुणा गति के साथ विकास कार्य करवाएं जा रही है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने शहर में करीब 25 लाख रुपए की लागत के विकास कार्यों का उद्धदघाटन व शिलान्यास किए। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा शहर के वार्ड नंबर 31 में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा का कार्यक्रम में पहुंचने पर फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने सनातन धाम गौशााला वार्ड नंबर 31 में 12 लाख रुपए की लागत से बनाए जाने वाले शैड, हॉल व शौचालय का शिलान्यास, अरोड़ा गिफ्ट गैलरी परल मार्क के नजदीक से 8 लाख रुपए की लागत से तैयार होने वाली सडक का शिलान्यास और वार्ड नंबर 23 में 5 लाख रुपए की लागत से तैयार किए गए टयूबवैल का उद्धदघाटन किया गया। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कुरुक्षेत्र शहर को कई बड़े प्रोजेक्टों की सौगात मिली है। जिसका शहर के नागरिकों को लाभ हो रहा है। इनमें 225 करोड़ रुपए की लागत से कुरुक्षेत्र-कैथल-नरवाना रेलवे लाईन पर एलिवेटिड ट्रैक बनाया गया है।

## डीएन कॉलेज का दीक्षांत समारोह 24 को

**कुरुक्षेत्र।** दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरूक्षेत्र की प्राचार्या डॉ. उपासना आहुजा ने बताया कि महाविद्यालय का दीक्षान्त एवं पारितोषिक वितरण समारोह 24 मई




रविवार को प्रातः 10 बजे आयोजित किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में सुरेन्द्र कुमार आर्य, कुलाधिपति, गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार, प्रधान सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा एवं चेयरमैन जेबीएम ग्रुप, अपना दीक्षान्त भाषण देंगें एवं छात्राओं को पुरस्कृत करेंगें। इस समारोह के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार, प्रधान, प्रबन्ध समिति, दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरूक्षेत्र होंगें। महाविद्यालय प्राचार्या ने बताया कि समारोह में स्नातक व स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त करने वाली लगभग 500 छात्राओं को डिग्री व शैक्षणिक तथा अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए जाएंगें।

---

## कुंटिया चुनाव प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करवाए जाने की मांग

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय नॉन-टीचिंग एम्प्लॉइज एसोसिएशन (कुंटिया) के चुनाव को लेकर कर्मचारियों में असंतोष लगातार बढ़ता जा रहा है। कुंटिया का कार्यकाल फरवरी माह में ही समाप्त हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद अब तक नई कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव के शेड्यूल को अंतिम रूप नहीं दिया गया है। कुंटिया के पूर्व प्रधान राम कुमार गुर्जर तथा नीलकंठ शर्मा ने बताया कि कुंटिया कार्यकारिणी ने पहले 12 मार्च को चुनाव करवाने का कार्यक्रम घोषित किया था, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिलने के कारण चुनाव नहीं हो सके। इसके बाद कार्यकारिणी ने 20 मई को चुनाव करवाने का नया शेड्यूल जारी किया, मगर इस पर भी अब तक प्रशासन की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। कुंटिया के पूर्व प्रधान राम कुमार गुर्जर तथा नीलकंठ शर्मा ने कहा कि कार्यकाल समाप्त होने के बावजूद वर्तमान कार्यकारिणी ने अब तक कोई सामान्य सभा भी नहीं बुलाई है, जिससे कर्मचारियों में असमंजस और नाराजगी का माहौल बना हुआ है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत समय पर चुनाव होना आवश्यक है ताकि नई कार्यकारिणी का गठन पारदर्शी तरीके से किया जा सके। गौरतलब है कि कुंटिया चुनाव को कराए जाने को लेकर अब तक विश्वविद्यालय के लगभग 800 कर्मचारियों ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर चुनाव जल्द करवाने की मांग उठाई है। कर्मचारियों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि कुंटिया चुनाव प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करवाया जाए ताकि कर्मचारियों को नई प्रतिनिधि कार्यकारिणी मिल सके और कर्मचारी हित के कार्य सुचारू रूप से हो सकें। रामकुमार गुर्जर व नीलकंठ शर्मा ने बताया कि लंबे समय तक चुनाव लंबित रहने से संगठन की गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं तथा कर्मचारियों के हितों से जुड़े मुद्दों पर भी प्रभाव पड़ रहा है।



---

कार्यक्रम | भद्रकाली शक्तिपीठ में महागौरव स्थल 51 फुट ऊंची 'मां' संरचना का डला लेंटर

# महागौरव स्थल केवल स्थापत्य संरचना नहीं, बल्कि ममता, शक्ति व संस्कारों का जीवंत प्रतीक : सतपाल

सभी ने भक्ति एवं उत्साह के साथ सहभागिता निभाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मां भद्रकाली शक्तिपीठ, कुरुक्षेत्र में निमार्णाधीन महागौरव स्थलह के कार्य ने आज एक और महत्वपूर्ण पड़ाव पूर्ण किया। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा के सानिध्य में 51 फुट ऊंची दिव्य मां संरचना के निर्माण कार्य के अंतर्गत आज विधिवत पूजन-अर्चना के साथ लेंटर डाला गया। 51 फुट 'मां' शब्दाक्षर के लेंटर का शुभारंभ पूर्व मंत्री सुभाष सुधा द्वारा हुआ। साथ में मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर तुषार सैनी, मंदिर अध्यक्ष नरेन्द्र वालिया, उपाध्यक्ष डॉ एमके मौदगिल व अन्य सेवक मौजूद रहे। सभी ने भक्ति एवं उत्साह के साथ सहभागिता निभाई। सर्वप्रथम श्री देवीकूप पर पूजा अर्चना कर माँ से इस लेंटर कार्य के शुरूआत की आज्ञा मांगी गई, फिर मुख्य अतिथि सुभाष सुधा ने माँ भद्रकाली जी की पूजा कर इस कार्य को शीघ्र पूर्ण करने की प्रार्थना की और गर्भ गृह से चरणामृत से भरे कलश को शिरोधार्य कर परिक्रमा उपरांत निर्माण सामग्री में मिलाया। मुख्य यजमान के रूप में तुषार गोयल रहे। मंदिर से ढोल धमाकों, कलश व झंडे की अगुवाई में निर्माण स्थल तक सभी पहुंचे। ततपश्चात मुख्य अतिथि सुभाष सुधा द्वारा कन्या शैविल शक्ति का पूजन किया गया। नारियल फोड़ा गया, सरिए पर धागा बांधा गया व निर्माण सामग्री का पहला तसला लेंटर में डाला गया।



**कुरुक्षेत्र।** भद्रकाली शक्तिपीठ में महागौरव स्थल 51 फुट ऊंची मां संरचना अवसर पर मौजूद पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा व अन्य।

#### मां शब्द संपूर्ण सृष्टि का आधार

इस मौके पर पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने कहा कि यह महागौरव स्थल केवल एक स्थापत्य संरचना नहीं, बल्कि मातृत्व, ममता, शक्ति और संस्कारों का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 'मां' शब्द अपने आप में सम्पूर्ण सृष्टि का आधार है और यह भव्य संरचना आने वाली पीढ़ियों को मातृत्व के प्रति सम्मान, समर्पण और कृतज्ञता का संदेश देती रहेगी। सुभाष सुधा ने कहा कि यह 51 फुट ऊंची मां संरचना अपने विशेष आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक स्वरूप के कारण विश्वभर के श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनेगी। इस संरचना की डिजाइन पीठाध्यक्ष के सुपुत्र स्नेहिल शर्मा ने की है, जिसमें संरचना के शीर्ष पर निर्मित चन्द्रबिंदु को प्रज्ज्वलित दीपक की लौ, तिलक तथा माँ की दिव्य तीसरी आँख के स्वरूप में डिजाइन किया गया है, जबकि इसकी ऊपरी रेखा शक्ति और सुरक्षा के प्रतीक त्रिशूल का स्वरूप प्रदर्शित करती है। नीचे स्थापत्य माँ सती को दशार्ती है। सम्पूर्ण संरचना मातृत्व की शक्ति, करुणा और संरक्षण भाव को दशार्ती है और इसकी नींव हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 4 जनवरी 2025 को रखी गई थी। इस शुभ अवसर पर मुख्य पुजारिन शिमला देवी, विशाखा राणा, कुलदीप सिंह, सुनील वेरमज राकेश गुप्ता, देवेंद्र गर्ग, दिनेश कंसल, रामपाल लाठर, बॉबी गुप्ता, पर्जन्य गौड़ इत्यादि सेवक उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### टॉपर विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**अंबाला।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित मैट्रिक परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार विद्यार्थियों के सम्मान में राजकीय उच्च विद्यालय मंडोर द्वारा एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जिससे पूरे स्कूल परिसर में उत्सव और हर्षोल्लास का माहौल देखने को मिला। इस शानदार सफलता पर आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रशासन ने परीक्षा में सर्वोच्च स्थान हासिल करने वाले छात्र छात्राओं को मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया।

### चोरी की बाइक के साथ दबोचा

**अंबाला।** विशेष अभियान के दौरान छावनी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। रेजिमेंट चौकी की टीम ने नाकाबंदी के दौरान एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो पंजाब के लुधियाना से बाइक चोरी कर उस पर हरियाणा का नंबर लगाकर अंबाला में घूम रहा था। आरोपी की पहचान विवेक उर्फ गोलू, निवासी डेहा कॉलोनी के रूप में हुई है। चौकी प्रभारी सहायक उप-निरीक्षक सुखबीर सिंह की टीम नाकाबंदी पर तैनात थी। जांच के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध बाइक सवार को रोका।

### 13 ग्राम हेरोइन सहित काबू

**अंबाला।** पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ एक और बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने नशीले पदार्थो की तस्करी के नेटवर्क को तोड़ते हुए 13 ग्राम नशीला पदार्थ हेरोइन मामले में आरोपी को इंदिरा पार्क नजदीक गंदा नाला छावनी से काबू किया है। एएनसी टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए सूचना के आधार पर एक्टिवा सवार आरोपी गुलशन सोनकर उर्फ शुभम को काबू किया।

### धमकी देने के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामलों में वांछित आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान अपराधियों पर लगातार कडा शिंकजा कस रही है। इसी कड़ी में 18 मई 2026 को सीआईए-2 टीम ने कार्रवाई करते हुए दुराना मोड़ मोहड़ा अंबाला छावनी के पास रास्ता रोककर लड़ाई-झगड़ा करके गाड़ी को क्षतिग्रस्त करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में सलिप्त तीन और आरोपियों को भी काबू किया गया है।

### धमकी देने के मामले में पांच गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए कालाअंब क्षेत्र प्राईवेट स्कूल में मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में सलिप्त पांच आरोपियों को काबू किया है। जांच अधिकारी ने बताया कि इस मामले में महिला ने 18 मई 2026 को शिकायत दी थी कि कालाअंब स्थित स्कूल में आरोपियों ने उससे व स्कूल स्टाफ के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तत्परता से कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त पांच आरोपियों को काबू किया।

# जनगणना कार्य में लापरवाही, नौ पर हो केस, नोटिस के बावजूद ड्यूटी पर नहीं आए कर्मचारी

- नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी की ओर से पुलिस को भेजा गया लेटर, कई कर्मचारी निजी स्कूल के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राष्ट्रीय महत्व के जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने और बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद ड्यूटी पर न लौटने वाले कर्मचारियों के खिलाफ अब केस दर्ज करवाने की तैयारी हो रही है।। नगर परिषद अंबाला सदर के कार्यकारी अधिकारी सह चार्ज ऑफिसर ने अंबाला सदर थाना प्रभारी को पत्र लिखकर 9 प्रगणकों के खिलाफ जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत केस दर्ज करने की सिफारिश की है। पुलिस ने सिफारिश के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है। दरअसल ये कर्मचारी बार-बार नोटिस के बाद भी काम शुरू नहीं कर रहे हैं। इन सभी कर्मचारियों को जनगणना और मकान सूचीकरण के काम को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन बार-बार हिदायत देने, समीक्षा बैठकों में समझाने और कारण बताओ नोटिस जारी होने के बाद भी इन्होंने न तो काम शुरू किया और न ही अपनी ड्यूटी की रिपोर्ट दी। प्रशासन का मानना है कि इन कर्मचारियों की इस जानबूझकर की गई लापरवाही और अवज्ञा के कारण राष्ट्रीय महत्व के वैधानिक कार्य में बाधा आ रही है और देरी हो रही है । इसे जनगणना अधिनियम, 1948 के प्रावधानों का खुला उल्लंघन मानते हुए इनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई शुरू करने का अनुरोध किया गया है।

### ड्यूटी में लापरवाही पर प्रशासन का सख्त रुख

नगर परिषद द्वारा पुलिस को सौंपी गई सूची में सरकारी और निजी स्कूलों सहित अन्य विभागों के कर्मचारी शामिल हैं। इसमें सीबीएस स्कूल में कार्यरत शिक्षक नीरज यादव, कॉन्वेंट जीसस एंड मेरी स्कूल की शिक्षिका अंजना लाल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रामपुर-सरसेहड़ी के अभिषेक शर्मा, डीएवी पब्लिक स्कूल रिवरसाइड की प्रीति मल्होत्रा, मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस विभाग के विजय कुमार, सेवा समिति लिटिल एंजेल कॉन्वेंट स्कूल की सतपाल कौर, सिख वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संगीता, सेवा समिति लिटिल एंजेल कॉन्वेंट स्कूल की मीनू और एल्पाइन पब्लिक स्कूल की नेहा शामिल है। जनगणना कार्य की संवेदनशीलता और इसके समयबद्ध होने के कारण इस मामले को बेहद जरूरी श्रेणी में रखा गया है। चार्ज ऑफिसर ने संबंधित प्रगणकों के नियुक्ति आदेश, निर्देश पत्रों और कारण बताओ नोटिस की कॉपियां भी पुलिस को सौंप दी हैं ताकि जल्द से जल्द केस दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा सके । इस कार्रवाई की प्रतिलिपि निदेशक जनगणना चंडीगढ़, प्रधान जनगणना अधिकारी सह उपायुक्त , उपमंडल जनगणना अधिकारी और जिला को-ऑर्डिनेटर को भी आवश्यक सूचना हेतु भेज दी गई है। प्रशासन के इस कड़े रुख से ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले अन्य कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी देवेंद्र नरवाल ने बताया कि जनगणना ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले 9 प्रगणकों के खिलाफ पुलिस को केस दर्ज करने के लिए पत्र लिखा गया है। नोटिस के बाद भी प्रगणकों ने कोई जवाब नहीं दिया और न ही ड्यूटी की।

### 22 को प्रकाशित होगी मतदाता सूची

**अंबाला।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत पात्रता तिथि 1 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। 5 जून 2026 से 14 जून 2026 तक तैयारियां, प्रशिक्षण एवं मुद्रण कार्य किया जाएगा। इसके उपरांत 15 जून 2026 से 14 जुलाई 2026 तक बीएलओ द्वारा मतदाताओं के घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य किया जाएगा। सभी मतदाता बूथ लेवल अधिकारी द्वारा घर घर बांटे गए ईनुमरेशन फॉर्म को 14 जुलाई 2026 से पूर्व बूथ लेवल अधिकारी को हस्ताक्षर करके वापिस जमा करवाए जाएंगे । इसके साथ-साथ मतदान केंद्रों का रेशनलाइजेशन कार्य 14 जुलाई 2026 तक पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम अनुसार मतदाता सूची के ड्राफ्ट का प्रकाशन 21 जुलाई 2026 को किया जाएगा। इसके बाद दावे एवं आपत्तियां दर्ज करवाने की अवधि 21 जुलाई 2026 से 20 अगस्त 2026 तक निर्धारित की गई है। दावों एवं आपत्तियों के निपटान की प्रक्रिया 21 जुलाई 2026 से 18 सितंबर 2026 तक चलेगी। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 22 सितंबर 2026 को किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान अपने नाम, पता एवं अन्य विवरणों का सत्यापन अवश्य करवाएं।

## पिलर लगाने को लेकर विवाद खूनी संघर्ष में बदला

# कालपी फ्लाईओवर पर गोलियों की गूंज, जमीन विवाद ने लिया खूनी मोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

नेशनल हाईवे-344 स्थित कालपी फ्लाईओवर मंगलवार सुबह उस समय गोलियों की आवाज से दहल उठा, जब खेतों मे पिलर लगाने का विवाद कुछ ही सेकेंड में खूनी संघर्ष में बदल गया और आरोपी युवक ने गांव मुलाना निवासी 55 वर्षीय गुरमीत सिंह पर दो गोलियां दाग दी । जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल गुरमीत सिंह उर्फ रिम्पी गिल को अस्पताल ले जाया गया जहां उस का उपचार जारी है।वहीं सूचना मिलने पर पुलिस की कई टीमें मौके पर पहुंची और आगामी कार्रवाई में जुट गई।सीन आफ क्राइम टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने मौके से दो खोल बरामद किए है।घटना की सूचना मिलते ही बराड़ा डीएसपी भी मौके पर पहुंचे।

इस मामले में घायल गुरमीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव हमीदपुर के पास बनी एक कॉलोनी में उनके परिवार के करीब 16 प्लॉट हैं। जिनकी रसीद और इंतकाल हमारे नाम है। इन प्लॉटों को लेकर गांव कालपी निवासी रणबीर और उसके बेटे अमन के साथ लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। आरोप है कि आरोपी पक्ष जबरन प्लॉटों पर खेती कर रहा था और पहले भी कई बार उन्हें धमकियां दे चुका था। गुरमीत सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले भी रणबीर उनके पास आया था और कहा था कि "इस बार फसल बो लेने दो, हम झगड़ा नहीं करना चाहते।" लेकिन इसके बावजूद तनाव खत्म नहीं हुआ। इतना ही नहीं, आरोप है कि रणबीर ने पहले भी अपने बेटे अमन के जरिए उन्हें धमकियां दिलवाई थीं और कहा था कि अगर प्लॉट छुड़वाने की कोशिश की गई तो अंजाम बुरा होगा।



सीसीटीवी फुटेज में गोली चलाता दिखाई देता युवक।



**मुलाना।** मौके पर डीएसपी बराडा.कार्रवाई करते हुए।

### ये है मामला

मंगलवार सुबह गुरमीत सिंह अपने प्लॉटों की निशानदेही करवाने पहुंचे थे। निशानदेही के बाद वह फ्लाईओवर के पास खड़े होकर पिलर लगने का इंतजार कर रहे थे। उसी दौरान अमन निवासी कालपी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर वहां पहुंचा। आते ही उसने गाली-गलौज शुरू कर दी और देखते ही देखते माहौल तनावपूर्ण हो गया। शिकायत कर्ता के अनुसार उसने गुरमीत सिंह को धमकी देते हुए कहा कि "आज तुझे जिंदा नहीं छोड़ूंगा।" इसके बाद उसने कमर से पिस्तौल निकाली और अचानक फायरिंग शुरू कर दी। गोलियों की आवाज सुनते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लेबर जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। घायल के अनुसार गोली नोटों की गड्डी को चीरती हुई उनकी टांग में जा लगी। कुछ ही देर में परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें तुरंत एमएम अस्पताल मुलाना ले जाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

### पुलिस ने पिता पुत्र पर किया केस दर्ज

सूचना मिलते ही मुलाना थाना पुलिस और सीआईए टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल से दो खाली खोल बरामद किए हैं। थाना मुलाना पुलिस ने आरोपी अमन और उसके पिता रणबीर निवासी कालपी के खिलाफ हत्या के प्रयास, धमकी और आर्म्स एक्ट के तहत किया मामला दर्ज। घटना स्थल के पास स्थित एक फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी वारदात कैद हो गई। फुटेज में आरोपी अमन मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दे रहा है। पहला फायर गर्दन में लगा, जबकि दूसरा उनकी टांग पर लगा। बताया जा रहा है कि जेब में रखे नोटों के कारण दूसरी गोली का असर कुछ कम हो गया। गोली लगने के बाद गुरमीत सिंह घायल अवस्था में हाईवे की ओर भागे और अपने भतीजे को फोन किया।

### आरोपी पर पहले भी केस दर्ज

आरोपी अमन पर पहले भी संगीन धाराओं में पहले भी मामले दर्ज है पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुसार आरोपी अमन के खिलाफ पहले भी मुलाना थाना में कई मामले दर्ज हैं। 30 अप्रैल 2024 को प्रशोतम शर्मा निवासी ब्राह्मण माजरा की शिकायत पर आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ मारपीट व धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज हुआ था। आरोप था कि लोहे की रॉड, गंडासी और डंडों से हमला किया गया था।

### जल्द होगी गिरफ्तारी

डीएसपी बराड़ा सुरेश कौशिक ने बताया की मामले में पुलिस, सीआईए टीम सहित चार टीमें कार्रवाई कर रही है। जल्द ही आरोपी गिरफ्तार किया जाएगा।

## आहिस्ता कीजै बातें, धड़कनें कोई सुन रहा होगा...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** गजलकारों को सम्मानित करते हुए मुख्यअतिथि व अन्य।

गुदगुदी जंक्शन समूह शाखा द्वारा सेंट्रल फिनिक्स क्लब में सांय भव्य गजल कार्यक्रम 'नवाजिश' आयोजित किया गया। मार्गदर्शक मंडल सदस्य डॉ.संजय गौतम ने बताया कि इस कार्यक्रम की मेजबानी वरिष्ठ सदस्य विजय कुमार थापर ने की जिसमें बड़ी संख्या में गजलों के शौकीन शामिल हुए। कुरुक्षेत्र से संस्थापक अध्यक्ष चन्द्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम का शुभारंभ साहा के उद्योगपति प्रवीण शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्वलित करके किया जबकि अधिवक्ता मान सिंह काकरान ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। मंच पर सरस्वती वंदना उपरांत समूह अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ ने गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा लगातार 6 वर्षों से विभिन्न नगरों में करवाए जा रहे सामाजिक, धार्मिक और मनोरंजक कार्यक्रमों का विवरण दिया। मंच पर 11 गजलकारों ने गज़ल सम्राट स्व. पंकज उधास की दिलकश गजलों का गुलदस्ता पेश किया जिनमें अंबाला कैंट प्रभारी राकेश आहूजा ने 'और आहिस्ता कीजै बातें...', कार्यक्रम मेजबान विजय कुमार थापर ने 'चांदी जैसा रंग है तेरा सोने जैसे बाल...', सुरेंद्र धीमान ने 'जिए तो जिए कैसे बिन आपके...', इंद्र परुथी ने 'अ ग़मे जिंदगी कुछ तो दे मशवरा...', इंद्र शर्मा ने 'हुई महंगी बहुत ही शराब के थोड़ी थोड़ी पिया करो...' आदि ने गजलकारों की पेशकश पर चार चांद लगा दिए।

### श्रीमद्भगवद गीता सिखाती है जीने की कला

**अंबाला।** ऊर्जा, परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि गीता गोपाल संस्था समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य कर रही है। ऐसी संस्था हर शहर गांव मे होनी चाहिए। गीता गोपाल संस्था जनता की समस्याओं को समझकर और लोगों की कठिनाईयों को दूर करने का पूरा प्रयास कर रही है। विज जगाधरी रोड पर गीता गोपाल चौक के पुर्ननिर्माण कार्य के अनावरण के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने गीता गोपाल संस्था द्वारा जनहित के लिए उपलब्ध करवाई गई दो एम्बुलेंस को भी जनता को समर्पित किया। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर गीता गोपाल संस्था के पदाधिकारियों व भाजपा के पदाधिकारियों व अन्य लोगों ने पुष्पपुच्छ देकर उनका भव्य अभिन्नदन किया। विज ने कहा कि हमारे नगर में बहुत सारी संस्थाए हैं। बहुत कुछ काम भी करती है लेकिन मुझे गीता गोपाल संस्था द्वारा जो कार्य किए जा रहे है उससे आनंद की अनुभूति होती है। यहां पर आकर मुझे काफी खुशी मिलती है। गीता गोपाल संस्था धर्म का प्रचार युवा लोगों में कर रही है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भभगवद गीता हमें जीने की कला सिखाती हैं। श्रीमद्भगवद गीता में कठिनाईयों को कैसे पार किया जा सकता है उसकी कला सिखाई जाती है। गीता में जीवन को सफलतापूर्वक निभाने की कला है। उन्होंने कहा कि हमारे जो शास्त्र है उसमें सनातन धर्म, ज्ञान, सभ्यता और जो हमारा भाईचारा है उसका वर्णन हैं।

## बैठकों में विकास के दावे, जमीन पर जनता बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

लघु सचिवालय में उपमंडल स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता एसडीएम सतिंद्र सिवाच ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने विकास कार्यों और योजनाओं की लंबी-चौड़ी रिपोर्टें पेश कीं, लेकिन क्षेत्र की बदहाल व्यवस्थाओं और अधूरे कार्यों पर कोई ठोस जवाब सामने नहीं आया। बैठक में सिंचाई विभाग, बिजली निगम, पीडब्ल्यूडी, कृषि विपणन बोर्ड, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, पंचायत राज विभाग और नगरपालिका के अधिकारी मौजूद रहे। एसडीएम ने अधिकारियों को सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर जनता तक पहुंचाने और विकास कार्यों में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। हालांकि सवाल यह है कि ऐसे निर्देश हर बैठक में दिए जाते हैं फिर भी क्षेत्र में पेयजल संकट, खराब सड़कें, बिजली कटौती और अधूरे निर्माण कार्यों की शिकायतें लगातार क्यों बनी हुई हैं? बैठक में लंबित मामलों की समीक्षा कर अधिकारियों को जल्द समाधान के आदेश दिए गए, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया गया कि अब तक देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर क्या कार्रवाई हुई। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में चल रहे कई विकास कार्य महीनों से धीमी गति का शिकार हैं, जिससे आमजन परेशान हैं। एसडीएम सतीन्द्र सिवाच ने पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन की बात कही, लेकिन बैठक में जनता की शिकायतों और जमीनी हकीकत पर खुली चर्चा न होना कई सवाल खड़े कर गया।



**बराड़ा।** बैठक में भाग लेते विभागों के अधिकारी।

### गंदे पानी की सप्लाई की हुई जांच, कई जगह खोदे गड्ढे

**मुलाना।** गांव जफरपुर में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की टीम द्वारा पूरे गांव में हर गली में जाकर लोगों के घर में लगे नलों से आ रही गंदे पानी की शिकायत की जांच की। लोगों द्वारा गंदे पानी की शिकायत की गई थी। इस पर संज्ञान लेते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने गांव में जाकर उन सभी इलाकों का निरीक्षण किया। विभाग के कर्मचारियों द्वारा कई जगहों पर गड्ढे खोदकर लोगों के जल कनेक्शन की जांच की गई। यह निरीक्षण किया गया कि कहीं पाइप लीक तो नहीं कर रहा। इस दौरान जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की तरफ से जिला केमिस्ट द्वारा गांव से पानी के सैंपल लिए गए। उनकी जांच अंबाला कैंट स्थित विभाग की वॉटर टेस्टिंग लैब में की जा रही है।इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम भी साथ रही। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सभी घरों में अब पानी पूरी तरह से साफ का रहा है। किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं। इस मौके पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार अमित खोसला, कनिष्ठ अभियंता कुलदीप, खंड समन्वयक नरेश पाल, रविंद्र कुमार, सुनील कुमार, लैब असिस्टेंट संदीप वधवा भी मौजूद रहे।

## सीएम विंडो व समाधान शिविरों में आ रही शिकायतों पर हो त्वरित कार्रवाई

- सीएम ने अधिकारियों को दिए कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को वीसी के माध्यम से उपायुक्तों व अन्य अधिकारियों को सीएम विंडों पर प्राप्त शिकायतों के निपटान के साथ-साथ समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों पर स्पष्ट निर्देश दिए। कहा कि जो भी शिकायतें लंबित हैं उनका तीव्रता से समाधान सुनिश्चित होना चाहिए। इसके साथ-साथ समाधान शिविर के तहत जो शिकायतें आती है उसका भी प्राथमिकता के आधार पर समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी शिकायत लंबित नहीं रहनी चाहिए। यदि किसी शिकायत का समाधान करने में कोई तकनीकी या अन्य कारण है उस बारे में प्रार्थी को अवगत करवाएं। पोर्टल से भी उस शिकायत को डिस्पोज करें। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों का नियमों के तहत तीव्रता से समाधान होना चाहिए। इसके साथ-साथ उन्होंने यह भी कहा कि इस विषय के तहत एक नोडल अधिकारी भी लगाएं ताकि वह शिकायत की मोनिटरिंग करते हुए उसका समाधान करवाने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने यह भी कहा कि समाधान शिविर में भी जो शिकायतें प्राप्त होती है उनका प्राथमिकता से समाधान होना चाहिए।



### उच्च रक्तचाप पर जन जागरूकता कार्यक्रम

चंडीगढ़। उच्च रक्तचाप के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए, लिवासा द्वारा आज सीपी 67 मॉल में एक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान, लोगों को शीघ्र निदान, निवारक स्वास्थ्य देखभाल, जीवनशैली में बदलाव और समय पर जांच के महत्व के बारे में शिक्षित किया गया। स्वस्थ हृदय और स्वस्थ जीवन की थीम पर बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, साथ ही युवाओं को कम उम्र से ही स्वास्थ्य और निवारक स्वास्थ्य देखभाल के महत्व को समझने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए, कार्डियक साइंसेज चेयरमैन डॉ एचके बाली ने कहा, कई लोग जटिलताएं उत्पन्न होने तक उच्च रक्तचाप से अनजान रहते हैं। रक्तचाप की नियमित निगरानी, स्वस्थ जीवनशैली की आदतें और समय पर चिकित्सा परामर्श गंभीर हृदय रोगों के जोखिम को काफी हद तक कम कर सकते हैं। जागरूकता और रोकथाम हमारे सबसे मजबूत हथियार हैं। सीईओ अनुराग यादव ने कहा, इस तरह की सामुदायिक जागरूकता पहलों के माध्यम से, हमारा उद्देश्य लोगों को सही ज्ञान से सशक्त बनाना और निवारक स्वास्थ्य देखभाल प्रथाओं को प्रोत्साहित करना है जो स्वस्थ समुदायों के निर्माण में मदद कर सकती हैं।

### स्टूडेंट्स ने पौधरोपण कर दिया पेड़ बचाने का संदेश

**बराड़ा।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे "मिशन लाइफ" अभियान के अंतर्गत संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में इको क्लब एवं एनएसएस सैल के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज को प्रकृति संरक्षण का संदेश देना रहा। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क के दिशा-निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का संचालन इको क्लब कॉर्डिनेटर डॉ. ऋतु चांदना एवं एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. पूजा बैरागी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए तथा छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।

## अपराध पर लगाम, 613 वाहनों के किए चालान

# बिना पेट्रन तथा नंबर प्लेट वाले वाहनों पर कसा शिकंजा

- अभियान को से सफल बनाने के लिए जिला स्तर पर लगाए 47 विशेष पुलिस नाके, सामाजिक संस्थाओं का भी रहा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस महानिदेशक के निर्देशों की अनुपालन करते हुए पुलिस ने जिला स्तर पर अपराधियों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ एक बड़ा विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत जिले भर में 47 विशेष नाके लगाए गए जिसका मुख्य उद्देश्य बिना नंबर प्लेट और बिना निर्धारित पेटर्न वाली नंबर प्लेटों के साथ सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों पर कार्रवाई करना था।

पुलिस ने जिले के विभिन्न चौक-चौराहों पर 47 नाके लगाकर चेकिंग की। अभियान के दौरान आज कुल 613 वाहनों के चालान किए गए। अपराधियों पर नकेल कसना कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य था। बिना पेट्रन तथा बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों का उपयोग अक्सर आपराधिक वारदातों को अंजाम देने के लिए किया जाता है। डीएसपी जगबीर सिंह ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार यह कार्रवाई तेज की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ₹पेटर्न वाली नंबर प्लेट से वाहन चालक की सभी जानकारी आसानी से मिल जाती है जिससे अपराध की स्थिति में अपराधी को पकड़ना सुगम होता है।₹ उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे सरकार द्वारा निर्धारित हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट ही लगवाएं। डीएसपी ने बताया कि 2 अप्रैल 2026 को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाकर आमजन को यातायात के नियमों बारे जागरूक किया था। पुलिस द्वारा लोगों को समय समय पर यातयात के नियमों की पालना बारे जागरूक किया जा रहा है। पुलिस के इस अभियान को जन-आंदोलन बनाने के लिए कई सामाजिक संस्थाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। संस्था के पदाधिकारियों ने पुलिस के साथ मिलकर लोगों को हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। अंबाला पुलिस ने साफ संकेत दिए हैं कि यह विशेष अभियान आने वाले दिनों में भी निरंतर जारी रहेगा।



**अंबाला।** वाहन चालक से हेलमेट पहनने का आग्रह करते पुलिस व सामाजिक संस्था के पदाधिकारी।